# राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर

राजस्थान उच्च न्यायालय परिसर, जयपुर पीठ

विधिक सेवा सदन, विधिक सेवा मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर

(Phone: 0141-2227481, FAX:2227602, Toll Free Help Line 9928900900)

Email: rj-slsa@nic.in, Website: https://rajasthan.nalsa.gov.in


क्रमांकः–एफ–7(38) रालसा/संस्था–पी.एल.ए.सदस्य नियुक्ति/2026/3217 दिनांकः 07/02/26

## विज्ञप्ति

### स्थाई लोक अदालत में सदस्यों या अन्य व्यक्ति के नामाकंन/नियुक्ति हेतु विज्ञप्ति

विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 (यथासंशोधित) की धारा 22 बी के तहत् जन उपयोगी सेवाओं के अन्तर्गत निम्नांकित सेवाएः–

1. वायु, सडक या जल द्वारा यात्रियों या माल के परिवहन के लिए परिवहन सेवाएं;
2. डाक, टेलीग्राफ या टेलीफोन सेवा;
3. किसी भी स्थापना द्वारा जनता को शक्ति, रोशनी या पानी की आपूर्ति;
4. लोक स्वच्छता या स्वास्थ्य रक्षा की प्रणाली;
5. अस्पताल या डिस्पेन्सरी में सेवा;
6. बीमा सेवा;
7. बैंककारी और वित्तीय संस्था सेवाएं;
8. आवासीय सेवाएं;
9. लिक्वीफाईड पेट्रोलियम गैस सेवा;
10. शैक्षिक या शैक्षणिक संस्थाओं या
11. आवास और भू सम्पदा सेवाएं;

उपरोक्त जनोपयोगी सेवा (Public Utility Services) संबंधित प्रकरण जो एक करोड रूपये तक की मालियत के हो ऐसे प्रकरणों की सुनवाई हेतु प्रत्येक जिले में स्थाई लोक अदालत (Permanent Lok Adalat) संस्थापित की गई है। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला न्यायक्षेत्र मुख्यालय पर धारा 22 बी के तहत् संस्थापित स्थाई लोक अदालतों में जोधपुर महानगर में 01 पद रिक्त एवं वर्ष 2026 में (माह जुलाई तक) अजमेर में 01 पद, बालोतरा में 01 पद, बांसवाड़ा में 02 पद, बारां में 01 पद, भीलवाड़ा में 02 पद, चूरू में 01 पद, दौसा में 01 पद, धौलपुर में 01 पद, डूंगरपुर में 01 पद, हनुमानगढ़ में 02 पद, जयपुर महानगर–प्रथम में 01 पद, जयपुर जिला में 02 पद, झालावाड़ में 01 पद, झुंझुनू में 01 पद, पाली में 02 पद, राजसमंद में 01 पद, सवाई माधोपुर में 01 पद, सीकर में 01 पद, सिरोही में 02 पद, टोंक में 02 पद तथा उदयपुर में 02 पद रिक्त होने वाले हैं। इस प्रकार **कुल रिक्त 30** पदों पर सदस्य/अन्य व्यक्ति (Member /Other Person) के नामाकंन/नियुक्ति हेतु योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं–

1. जो निम्न अर्हता एवं पात्रता रखते हो--
   - 01. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों से स्नातक की उपाधि, एवं
   - 02. लोक उपयोगिता सेवाएं (Public Utility Services) में पर्याप्त अनुभव रखने वाला व्यक्ति होना चाहिए, या
   - 03. सेवानिवृत्त अधिकारी जो जन उपयोगी सेवाओं से सेवानिवृत्त हुआ हो अथवा जन उपयोगी सेवाओं के कार्य का अनुभव हो, या
   - 04. विधि का ज्ञान अथवा विधि की शिक्षा परन्तु जन उपयोगी सेवा का अनुभव हो,
2. अभ्यर्थी की नियुक्ति के समय उम्र 63 वर्ष से अधिक की नहीं हो,
3. उक्त नियुक्ति प्रारंभ में 01 वर्ष के लिए की जाएगी जिसे सेवाएं सन्तोषप्रद पाये जाने पर प्रारंभिक नियुक्ति के 01 वर्ष को सम्मिलित करते हुए प्रावधानों के अनुसार नियुक्ति को प्रतिवर्ष, वार्षिक मुल्यांकन के आधार पर 05 वर्ष तक या आवेदक की आयु 65 वर्ष पूरी होने तक, जो भी पहले हो, तक बढाया जा सकेगा।

**(Phone: 0141-2227481, FAX:2227602, Toll Free Help Line 9928900900)**
**Email:** rj-slsa@nic.in, **Website:** https://rajasthan.nalsa.gov.in


4. स्थाई लोक अदालत के सदस्य को मानदेय व अन्य सुविधाएं Permanent Lok Adalat (Other Terms and Conditions of Appointment of Chairman and Other Persons) Rules, 2003, स्थायी लोक अदालत (अध्यक्ष और अन्य व्यक्तियों की नियुक्ति के अन्य निबंधन और शर्ते) संशोधन नियम, 2016, स्थायी लोक अदालत (अध्यक्ष और अन्य व्यक्तियों की नियुक्ति के अन्य निबंधन और शर्ते) संशोधन नियम, 2020, स्थायी लोक अदालत (अध्यक्ष और अन्य व्यक्तियों की नियुक्ति के अन्य निबंधन और शर्ते) संशोधन नियम, 2025 (यथा संशोधित) के अनुरुप देय होंगी।
5. उक्त चयन की प्रक्रिया प्राप्त आवेदनों में से योग्य अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट करने के पश्चात् स्क्रीनिंग या साक्षात्कार अथवा दोनों द्वारा पूर्ण की जावेगी। साक्षात्कार हेतु किसी भी प्रकार का टी. ए./डी.ए. देय नहीं होगा। चयन का अंतिम निर्णय माननीय कार्यकारी अध्यक्ष महोदय के विवेकाधीन होगा।
6. आवेदक को स्वयं यह घोषणा पत्र देना होगा कि उसका किसी भी जन उपयोगी सेवाओं में किसी प्रकार का वित्तीय या अन्य प्रकार का हित नहीं है।
7. पात्रता रखने वाले आवेदक निर्धारित प्रारूप में राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, राजस्थान उच्च न्यायालय परिसर, जयपुर के कार्यालय में डाक या व्यक्तिशः द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन पत्र का प्रारूप राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर की वेबसाईट https://rajasthan.nalsa.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।
8. आवेदन पत्र के साथ समस्त दस्तावेजात की स्वप्रमाणित प्रतिलिपि सम्मिलित की जावे।
9. नियुक्ति से संबंधित शर्ते व नियम प्राधिकरण के निर्णयाधीन रहेंगी।
10. उक्त सदस्य या अन्य व्यक्ति (Members/other person) किसी प्रकार का नियोजन नहीं है और नियोजन का कोई अधिकार सृजित नहीं करता है, बल्कि स्वसेवा है, जिस कार्य निष्पादन के लिए निर्धारित मानदेय व यात्रा भत्ता देय है।
11. आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक 27.02.2026 है। इस तिथि को कार्यालय समय पश्चात् (सायं 05.00 बजे के पश्चात्) प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।
12. एक आवेदन पत्र के जरिये केवल एक ही स्थान के सदस्य/अन्य व्यक्ति के लिए आवेदन किया जा सकता है।

सदस्य सचिव
राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण
जयपुर

# राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर

राजस्थान उच्च न्यायालय परिसर, जयपुर पीठ

विधिक सेवा सदन, विधिक सेवा मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर

**(Phone: 0141-2227481, FAX:2227602, Toll Free Help Line 9928900900)**

**Email:** rj-slsa@nic.in, **Website:** https://rajasthan.nalsa.gov.in


विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 (केन्द्रीय अधिनियम संख्या 39) की धारा 22 बी के तहत संस्थापित स्थाई लोक अदालत में सदस्य/अन्य व्यक्ति (Member/other person) के रिक्त पदों पर सदस्यों/अन्य व्यक्तियों (Members/other person) के नामाकंन/नियुक्ति हेतु।

जिले का नाम जिसके लिए आवेदन किया जा रहा है..................................................

(केवल एक जिला ही अंकित किया जावे)

| पासपोर्ट साइज का नवीनतम स्व–हस्ताक्षरित फोटो चिपकाये |
|---|

1. आवेदक का नाम

   हिन्दी में ..................................................................................................

   अंग्रेजी में ................................................................................................

2. आवेदक के पिता/पति का नाम ......................................................

3. जन्म तिथि (शब्दो व अंकों में) .........................................................

   .........................................................

4. शैक्षणिक योग्यता .........................................................

5. गृह जिला .......................................................................

6. स्थायी निवास का पता .........................................................

   .........................................................

   (टेलीफोन नम्बर).......................................................................

7. वर्तमान पता .........................................................

   .........................................................

   (टेलीफोन नम्बर).......................................................................

8. मोबाईल नम्बर .........................................................

9. ई–मेल आई.डी. .........................................................

10. कार्यालय का पता .........................................................

11. उत्तीर्ण परीक्षाओं का विवरण(सैकण्डरी, सीनियर सैकण्डरी, स्नातक एवं तत्पश्चात् अर्जित) :–

| क्र.सं. | परीक्षा | बोर्ड/विश्वविद्यालय | उत्तीर्ण करने का वर्ष | श्रेणी | प्राप्तांकों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | | |
| 2. | | | | | |
| 3. | | | | | |
| 4. | | | | | |
| 5. | | | | | |

# राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर

राजस्थान उच्च न्यायालय परिसर, जयपुर पीठ

विधिक सेवा सदन, विधिक सेवा मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर

**(Phone: 0141-2227481, FAX:2227602, Toll Free Help Line 9928900090)**

**Email:** rj-slsa@nic.in, **Website:** https://rajasthan.nalsa.gov.in


12. सेवारत आवेदक के लिए सेवा में प्रवेश की तारीख ..........................................................

13. वर्तमान पदनाम (सेवारत आवेदक के लिए) ..........................................................

14. अंतिम धारित पद (सेवानिवृत्त आवेदक के लिए) ..........................................................

15. सेवानिवृति की दिनांक ..........................................................
(सेवानिवृत्त आवेदक वास्तविक एवं सेवारत आवेदक भावी तिथि अंकित करें)

16. बार काउन्सिल में पंजीयन संख्या (विधि व्यवसायी के लिए) ..................................................

17. लोक उपयोगी सेवा से संबंधित अनुभव एवं उपलब्धियों का संक्षिप्त विवरण–

| वर्ष | कार्य | संलग्न दस्तावेज |
|---|---|---|
| | | |
| | | |

18. वकालत का अनुभव– (जन उपयोगी सेवाओं से संबंधित कम से कम 05 निर्णय की प्रति संलग्न करें)

19. अन्य कार्य/व्यवसाय का अनुभव...............................

| वर्ष | कार्य | संलग्न दस्तावेज |
|---|---|---|
| | | |
| | | |

20. वर्तमान कार्य/व्यवसाय (Occupation) का विवरण..........................................................................

21. वर्तमान वार्षिक आय...........................................................................................................
(अंतिम आय विवरणिका संलग्न करें)

22. क्या आवेदक के एक से अधिक जीवित पति/पत्नी है? हाँ/नहीं

23. यदि आवेदक के विरूद्ध सम्पूर्ण सेवाकाल के दौरान कोई भी विभागीय जांच या प्रारम्भिक जांच की गई हो या प्रस्तावित/लम्बित हो या दण्डित किया गया हो तो उसका विवरण दें। (सेवारत/सेवानिवृत्त के लिए)

24. यदि आवेदक के विरूद्ध कोई आपराधिक अभियोजन किया गया हो तो उसका विवरण दें।

आवेदक के हस्ताक्षर

**सत्यापन**

मैं ........................................................ पुत्र/पत्नी .............................................. घोषणा करता/करती हूँ कि इस आवेदन पत्र में अंकित सभी तथ्य एवं विवरण मेरे निजी ज्ञान व विश्वास में सही व सत्य है तथा कोई भी तथ्य छुपाया नहीं गया है।

मैं यह भी प्रमाणित करता/करती हूं कि मेरा जन उपयोगी सेवा में किसी प्रकार का वित्तीय या अन्य हित नहीं है।

आवेदक के हस्ताक्षर

दिनांक ..............................

स्थान ...........................

नोट : आवेदन पत्र के साथ जन्म तिथि प्रमाण पत्र, शैक्षणिक प्रमाण पत्र व सेवानिवृत्ति आदेश की स्व–सत्यापित प्रतियाँ संलग्न करे। आवश्यकतानुसार अन्य दस्तावेज भी संलग्न किये जावे।